**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार एकांश**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**शनिवार 21.09.2024**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर में ''पांचवें उत्तराखंड राज्य खेल–2024'' का उद्घाटन किया। कहा– सरकार खिलाड़ियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौथे वार्षिक क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज से अमरीका दौरे पर।**
- **राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा– आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटावर्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, अंतरिक्ष, साइबर और न्यूरोटिक्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर हैं।**
- **और... चमोली जिले के गैरसैंण, भराड़ीसैंण तथा मेहलचौरी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज को आदर्श विद्यालय बनाया जाएगा।**

**5वाँ उत्तराखण्ड राज्य खेल–2024**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर में ''पांचवें उत्तराखंड राज्य खेल–2024'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से न केवल राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार किया जाएगा। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड को खेलों के क्षेत्र में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नई खेल नीति बनाई है, जिसके तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। साथ ही उपकरण खरीदने के लिए प्रति वर्ष 10 हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही खेल आधारभूत ढांचे को भी मजबूत कर रही है।

## क्वाड शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौथे वार्षिक क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमरीका की यात्रा पर हैं। उम्मीद है कि क्वाड समूह के सदस्य जलवायु परिवर्तन से लेकर महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों तक कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री आज रात राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। श्री मोदी का ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एलबनिज और जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने का भी कार्यक्रम है।

आज सुबह अमरीका रवाना होने से पहले, प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा कि क्वाड फोरम भारत–प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि वह क्वाड शिखर सम्मेलन में अपने सहयोगियों के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के अंतिम दिन न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय 'बेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधान' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय के लिए मानवता की भलाई के लिए आगे का रास्ता तय करने का एक अवसर है।

## ''खाकी में स्थितप्रज्ञ''

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में ''खाकी में स्थितप्रज्ञ'' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी ने लिखी है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के सामने शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की बड़ी चुनौती है। हर चुनौती का सामना करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ धैर्य रखना भी जरूरी है। श्री धामी ने कहा कि ये पुस्तक पुलिस सेवा में आने वाले जवानों और अधिकारियों को निर्णय लेने में मदद करेगी।

## वायु सेना प्रमुख

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह देश के अगले वायु सेना प्रमुख होंगे। वे वर्तमान में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह इस महीने की 30 तारीख की दोपहर को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी से वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे।

## दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटावर्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्पेस, साइबर और न्यूरोटिक्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर मिलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक भारत का है जिसमें देश के युवाओं की अहम भूमिका होगी। राज्यपाल ने कोर यूनिवर्सिटी रुड़की के प्रथम दीक्षांत समारोह में ये बातें कहीं। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नया भारत आज तेज गति से विकास की यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं जिसमें युवाओं की बड़ी भागीदारी होगी। समारोह में राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं को मेडल और उपाधियां प्रदान कीं। इस अवसर पर उन्होंने कोर यूनिवर्सिटी में आयोजित भारत ज्ञान समागम की स्मारिका का अनावरण किया।

## आदर्श विद्यालय

चमोली जिले के गैरसैंण, भराड़ीसैंण और मेहलचौरी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज को आदर्श विद्यालय बनाया जाएगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज विद्यालयी शिक्षा की बैठक में विद्यालयों के विकास के लिए अलग से धनराशि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे अवस्थापना विकास कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में जर्जर विद्यालय भवनों में कक्षाएं संचालित न की जाएं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम तैयार करने और डिजिटल शिक्षा व वर्चुअल कक्षाओं की नियमित निगरानी करने को कहा। श्री तिवारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर भी जोर दिया।

## केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सी.बी.डी.टी. ने आयकर विवादों के मामले में लंबित अपीलों को निपटाने के लिए प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास–डी.टी.वी.एस.वी. योजना, 2024 शुरू की है। यह योजना पहली अक्तूबर से लागू होगी। प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना इस वर्ष 31 दिसंबर या उससे पहले शपथ पत्र दाखिल करने वाले करदाताओं को कम कर राशि देनी होगी।

## राफ्टिंग

ऋषिकेश में पर्यटक आगामी 23 सितंबर से गंगा नदी में राफ्टिंग का आनंद ले सकेंगे। शुरुआती चरण में तीन स्थानों पर राफ्टिंग की अनुमति दी गई है। वरिष्ठ साहसिक खेल अधिकारी जसपाल सिंह चौहान ने बताया कि मरीन ड्राइव से शिवपुरी, ब्रह्मपुरी से नीम बीच और खारा स्रोत तक राफ्टिंग शुरू करने की संस्तुति की गई है, जबकि अन्य स्थानों पर राफ्टिंग शुरू करने के लिए जलस्तर का दोबारा आकलन करने के बाद एक सप्ताह बाद निर्णय लिया जाएगा।

## जनजागरुकता कार्यक्रम

उत्तरकाशी पुलिस ने मनेरी स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज गंगोरी में छात्र–छात्राओं को नशा, साइबर अपराध, यातायात नियम, महिला सम्बन्धी अपराध और अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुक किया।

साथ ही पुलिस के अग्निशमन दल ने लक्षेश्वर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में अग्नि सुरक्षा और प्रशिक्षण कार्याशाला आयोजित कर स्कूली छात्रों को अग्निशमन से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन दल ने छात्रों को आग को काबू करने और अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जरुरी प्रशिक्षण दिया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा

लोकसभा सांसद एवं भाजपा पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भोला सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में संविधान को मजबूत करने के साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी समाज की बेहतरी के लिए काम किया गया। देहरादून में पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को भाजपा सरकार के प्रयासों से ही भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता विदेशों में भारत के पिछड़े वर्ग का अपमान कर देश की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं।

## केवी खेलकूद प्रतियोगिताएं

केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं 23 सितंबर से देहरादून और रुड़की समेत विभिन्न खेल परिसरों में शुरू होंगी। ये प्रतियोगिताएं 27 सितंबर तक चलेंगी। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए देहरादून संभाग की उपायुक्त डॉ. सुकृति रैवानी ने बताया कि इस वर्ष देहरादून संभाग को तीन खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी मिली है।

## वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना का लक्ष्य हासिल कर लिया है। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने हाल ही में दो हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ वन्यजीव आवास विकास योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी। इस योजना में प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट और वन्यजीव आवास विकास को शामिल किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से पचास लाख रोजगार दिवस का सृजन होगा।

इस योजना से कुल 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभयारण्य और सात सौ 18 संरक्षित क्षेत्र तथा उनके क्षेत्र लाभान्वित होंगे। यह योजना बाघों और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति सरकार की वचनबद्धता को प्रकट करते हुए सुनिश्चित करती है कि अर्थव्यवस्था और परिस्थितिकी साथ–साथ आगे बढ सकती हैं।